





# सभापति की कार महिला ने की क्षतिग्रस्त

## जमीन संबंधी मामले को लेकर परेशान महिला जनपद कार्यालय के सामने पहुंची और गुस्सा उतारा

नवभारत न्यूज

**सागर 27 अक्टूबर. जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में एक महिला ने जनपद सदस्य की फोर व्हीलर पर तोड़फोड़ कर दी. कार जनपद पंचायत सागर के सदस्य एवं वन समिति के सभापति राघवेंद्र सिंह की है.**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला ने पत्थर से कार पर वार करते हुए साइड ग्लास और आगे का शीशा पूरी तरह तोड़ डाला, यहां तक कि सामने के हिस्से की बॉडी भी पत्थर पटककर क्षतिग्रस्त कर दी, मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सड़ेरी निवासी छोटी बाई लोधी ने जनपद सदस्य श्री सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने हमारी दो एकड़ जमीन अपने जेठानी के बेटे के नाम करवा दी है. महिला का कहना है कि पहले हमारे नाम से जमीन दर्ज थी, लेकिन जनपद सदस्य ने नाम कटवा दिया. बहुत प्रयासों के बाद नाम दोबारा जुड़वाया गया, लेकिन फिर से काट छाटकर कर नाम हटा दिया गया है. महिला ने बताया कि जमीन के दस्तावेजों में जनपद सदस्य के हस्ताक्षर भी मौजूद हैं, जिससे साबित होता है कि यह सब कुछ उनकी जानकारी और मिलीभगत से हुआ है. महिला ने बताया कि उनके परिवार का गुजारा इसी दो एकड़ जमीन पर होने वाली खेती से चलता है. लेकिन अब जब जमीन किसी और के नाम कर दी गई है, तो परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है. उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर को भी लिखित शिकायत दी थी, मगर प्रशासन की ओर से कोई सुनवाई नहीं हुई. इससे क्षुब्ध होकर महिला सोमवार को जनपद कार्यालय पहुंची और जब जनपद सदस्य उन्हें देखकर वहां से भागने लगे, तो गुस्से में आकर उन्होंने पत्थर उठाया और गाड़ी पर ताबड़तोड़ वार कर दिए.



वन समिति के सभापति राघवेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होने इस संबंध में गोपालगंज थाने में कार क्षतिग्रस्त किए जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है. महिला की जमीन के मामले में उन्हें कोई जानकारी नहीं है.

> जनपद सदस्य श्री सिंह द्वारा थाने में की गई शिकायत में बताया गया है कि आज सोमवार की सुबह वह अपनी बलेनो कार क्रमांक एमपी 15 सीसी 4367 जनपद पंचायत सागर गया था जहां पर कार खड़ी कर सरकारी काम से ऑफिस के अंदर चला गया था. दोपहर में 2.30 बजे के आसपास पंचायत की छोटी बाई उर्फ क्रांति बाई लोधी कार्यालय से बाहर बुलाकर कहने लगी कि तुमने फौती क्यों उठवाई, मेरा नाम क्यों कटवाया है. इसी बात से नाराज महिला ने कार में तोड़फोड़ कर दी गई है.

# नकली खाद से भरी ट्रेक्टर-ट्राली जप्त

## खुरई के ग्राम मुड़िया में राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जप्ती

नवभारत न्यूज

**खुरई 27 अक्टूबर. फर्जी तरीके से अर्थ लाभ अर्जित करने वालों द्वारा अन्न दाता कहे जाने वाले किसान को भी नहीं बख्स जा रहा है. किसान मेहनत मशक्कत कर खेतों में नाज पैदा करता है तो वहीं कुछ लोग उस किसान को चूना लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं.**

जानकारी के अनुसार शहरी पुलिस की तत्परता से नकली खाद से भरी ट्रेक्टर-ट्राली को जप्त करने में उसे सफलता हाथ लगी है. बोनी के सीजन में जब किसान अपनी मेहनत से खेतों को बोने की तैयारी कर रहे हैं लेकिन खाद की कमी का फायदा उठाकर कुछ दलाल उन्हें ठगने में लगे हैं. जहां पुलिस ने नकली खाद का बड़ा जखीरा बरामद किया है.



> जानकारी के अनुसार, जरवास रोड निवासी रिंकू ठाकुर को पुलिस ने नकली डीएपी खाद सहित एक टैक्टर ट्राली के साथ पकड़ा है. ट्राली में 50 बोरी खाद पाई गई है, जिसकी कीमत लगभग 72,500 बताई जा रही है. पकड़ी गई खाद को जांच के लिए शहरी थाना परिसर में रखा गया है. मौके पर पहुंची कृषि विभाग की टीम ने खाद का प्रारंभिक परीक्षण किया, जिसमें यह डीएपी नकली होने की पुष्टि हुई है. पुलिस के अनुसार आरोपी रिंकू ठाकुर पहले से ही नकली खाद के व्यापार में शामिल रहा है. वहीं जिस ट्रेक्टर से खाद लाई जा रही थी, उस पर कोई नंबर दर्ज नहीं था, जिससे यह आशंका भी जताई जा रही है कि टैक्टर चोरी का भी हो सकता है. फिलहाल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है. कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे खाद केवल पंजीकृत दुकानों से ही खरीदें और किसी संदिग्ध विक्रेता से सामान लेने से बचें.

## एक नजर में



### ई-अटेंडेस को लेकर जारी आदेश शिथिल

**सागर.** जेडी ने ई अटेंडेंस न लगाने वाले शिक्षकों का वेतन आहरित न करने संबंधी आदेश शिथिल किया. अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष चूरामन रैकवार,जिला संयोजक आलोक गुप्ता एवं प्रांतीय शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के महासचिव शैलेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि शिक्षक एप संबंधी तकनीकी समस्याओं के कारण जे डी एम कुमार ने वेतन आहरित न करने संबंधी आदेश को शिथिल कर दिया है. इस दौरान संयुक्त मोर्चा के संरक्षक माधव कटारे,थान सिंह मंडल,चंद्र विजय गौर, सुरेंद्र महावत उपस्थित रहे.



### बुंदेली ग़ज़ल संग्रह का विमोचन

**सागर.** साहित्यकार डॉ श्याम मनोहर सीरोठिया के 27 वें काव्य संग्रह बुंदेली गजल संग्रह रिपट परे की हर गंगा है का विमोचन खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, अध्यक्ष पर्यटन विकास निगम विनोद गोंटिया, रहली नपा पूर्व अध्यक्ष सुशील हजारी, उपन्यासकार डॉ शरद सिंह,सनाढय सभा के अध्यक्ष शिवदयाल बड़ोनिया,कविवर विजय बागरी विजय, डॉ अरविंद जैन अमित सीरोठिया द्वारा किया गया. इस दौरान विधायक शैलेन्द्र जैन, श्रीमती अनुश्री शैलेन्द्र जैन, विधायक प्रदीप लरिया पूर्व सांसद, लक्ष्मीनारायण यादव, पूर्व विधायक सुनील जैन, निधि जैन आदि ने बधाई दी है.



### अमर शहीद पत्रकार विद्यार्थी को नमन किया

**बीना.** अथक पथ संग्रहालय में अमर शहीद पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया. इस अवसर पर संग्रहालय के अध्यक्ष मुरारी गोस्वामी, राम शर्मा, सत्य प्रकाश नायक, सुजीत क्लॉडियस, सचिन तिवारी, राकेश सेन, अमित प्रभु मिश्रा, सत्य प्रकाश नायक, अनुज हजारी, रवि चौरसिया, राकेश कुशवाहा ने भी विचार प्रकट किया. इस अवसर पर हेमंत गोलंदाज नारायण चौधरी, नीरज राय, राजेश बबेले,हरि शर्मा, सत्या शर्मा उपस्थित रहे.



### युवा संगम में मिलेगा युवाओं को अवसर

**सागर.** युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के उद्देश्य से रोजगार कार्यालय सागर, संभागीय आई.टी.आई. तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के तत्वावधान में आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज में युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया. इस रोजगार मेला कार्यक्रम में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से आए कुल 724 अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. इसमें से 494 अभ्यर्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया. कार्यक्रम में श्रीमती अंगूरी ठाकुर जिला रोजगार अधिकारी, संभागीय आई.टी.आई. प्राचार्य अमरनाथ साकेत, प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता, डा अमर कुमार जैन जिला नोडल अधिकारी, डा. प्रतिभा जैन प्लेसमेंट अधिकारी, परमानंद सेन, प्लेसमेंट अधिकारी ने पूरे आयोजन का संचालन किया. इस दौरान सुनील सेन नितिन खरे, प्रियंका सिंह चौहान, महेश पाल, राम यादव का सहयोग रहा. सभी चयनित अभ्यर्थियों को औपचारिक रूप से ऑफर लेटर प्रदान किए गए.

# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सागर 27 अक्टूबर. मोतीनगर चौराहा से संविधान चौक धर्मश्री सड़कमार्ग में मोतीनगर चौराहे के पास स्थित एक बड़ा अतिक्रमण दशकों से बॉटल नेक बनाकर यातायात सुगम बनाने में बाधक बन रहा था.**

मोतीनगर चौराहा से संविधान चौक धर्मश्री सड़कमार्ग चौड़ीकरण के दौरान निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड राजकुमार खत्री ने समक्ष में खड़े होकर उक्त अतिक्रमण को हटवाने की कार्यवाही करायी. इस कार्यवाही के दौरान दो जेसीबी और पोकलिन मशीनों की मदद से उक्त अतिक्रमण को गिराया गया. निगमायुक्त श्री खत्री ने धर्मश्री से शीतलामता तिराहा होते हुए मोतीनगर चौराहे तक रोड चौड़ीकरण में बाधक बन रहे समस्त अतिक्रमणों का नाप कराकर चिन्हाकन कराया. निगमायुक्त की पहल पर निशान लगने के बाद बहुत से स्थानीय रहवासियों द्वारा स्वयं अपना अतिक्रमण हटाने का कार्य प्रारम्भ किया गया और सड़क चौड़ीकरण व शहर विकास में सहयोग दिया.

# मंडी में खाद के लिए लाइनों में लगे किसान

नवभारत न्यूज

**बंडा 27 अक्टूबर. किसानों को फसल की बोनी करने के लिए खाद की भीषण समस्या का सामना करना पड़ रहा है.**

किसान दो- दो बोरी खाद के लिए सुबह से शाम तक कतार में लगा नजर आ रहा है. मंडी में खाद लेने के लिए ऐसा ही नजारा देखने को मिला जहां किसान सुबह से ही खाद लेने के लिए लाइनों में देखे गए. खोजमपुर के किसान सुमित दांगी ने बताया कि हमें बोनी करने के लिए 10 बोरी डीएपी की आवश्यकता है परंतु यहां पर केवल दो बोरी खाद ही दिया जा रहा है इसलिए हमें बार-बार आकर लाइन में लगना पड़ता है. उन्होंने बताया कि यदि एक बार में ही पर्याप्त मात्रा में खाद मिल जाए तो बार-बार यहां आकर लाइन में नहीं लगना पड़ेगा और यह भीड़ भी नजर नहीं आएगी. देवप्रशांत सिंह बिलौआ ने बताया कि बोनी करने के लिए खाद की बहुत आवश्यकता है. भडराना सोसाइटी में खाद आने के बाद भी नहीं दिया जा रहा है जिससे मजबूर होकर हमें यहां आना पड़ा.

### खुले में रखी फसल, शेड पर व्यापारियों का कब्जा

ग्रामीण क्षेत्र से कृषि उपज मंडी बंडा में फसल बेचने आए किसानों को सोयाबीन एवं मक्का की बिक्री न होने पर रखने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है. कहने को तो मंडी प्रशासन द्वारा किसानों को अपनी उपज रखने के लिए चार सेड बनाए गये है, परंतु इन चारों शैडो में मंडी प्रशासन की मिलीभगत से व्यापारियों द्वारा 12 महीने खरीदी गई फसल रखी जाती है. किसानों का कहना है कि यदि मंडी में फसल नहीं बिकती तो हमें खुले में फसल रखने को मजबूर होना पड़ता है, जहां रात भर जाग कर आवारा मवेशियों से फसलों की सुरक्षा करनी पड़ती है. मंडी सचिव विनय तोमर ने बताया कि व्यापारियों को सेट खाली करने के लिए नोटिस दिए जाने की बात कह कर डालते हुए नजर आए.

### पर्यवेक्षक आयेंगी आज

**सागर.** संगठन सृजन अभियान के तहत महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद के चयन के लिए जिला पर्यवेक्षक श्रीमती रजनी ठाकुर 28 अक्टूबर मंगलवार को दोपहर 2 बजे राजीव गाँधी कार्यालय, तीन बत्ती पर जिला स्तरीय महिला कांग्रेस की बैठक कर महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी करने आ रही है. जिला कांग्रेस के मीडिया प्रभारी आशीष ज्योतिषी ने बताया कि जिलाध्यक्ष शहर एवं ग्रामीण की पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी पहुंचकर रायसुमारी देंगे. महिला अध्यक्ष की दावेदार बायोडाटा के साथ उपस्थित हो.

# राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी

नवभारत न्यूज

**सागर 27 अक्टूर. पांच दिवसीय 69वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स एवं क्रिकेट शालेय क्रीडा प्रतियोगिता एक नवंबर से शुरू होगी जोकि होगी 5 नवंबर तक चलेगी. प्रतियोगिता के लिए कलेक्टर संदीप जी.आर के निर्देश पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं.**

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने बताया कि प्रतियोगिता 1 नवंबर से 5 नवंबर तक चलेगी जिसमें 19 वर्ष बालक/बालिका एथलेटिक्स एवं 17 वर्ष बालिका में क्रिकेट के खेल खेले जाएंगे.

> डीईओ श्री जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में सहभागी संभाग भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, जनजाती कार्य विभाग,नर्मदापुरम संभाग, रीवा संभाग,सागर एवं उज्जैन संभाग के लगभग एक हजार से अधिक प्रतियोगी शामिल होगे. क्रिकेट प्रतियोगिता सिटी स्टेडियम एवं विश्वविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित होगी जबकि एथेलेटेक्स की सभी प्रतियोगिताएं खेल परिसर में आयोजित की जाएगी. प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए एक दर्जन से अधिक समितियां का गठन किया गया है जिसमें प्राचार्य शिक्षक एवं खेल शिक्षक सहित अन्य अधिकारी शामिल है जो कि अपने दिए गए निर्देशों का अक्षर सा पालन करते हुए प्रतियोगिता को संपन्न करेंगे. डीईओ श्री जैन ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर प्रतियोगिओं को आवास स्थल से खेल मैदान तक लाने ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था भी कराई गई है एवं उनके आवास की व्यवस्था भी की गई है.

### डिस्चार्ज के पूर्व जारी किए जाएं जन्म प्रमाण पत्र

**सागर.** नवजात शिशु के डिस्चार्ज के पूर्व जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाए. उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी. आर. ने समय सीमा बैठक में दिए. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नवजात बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र डिस्चार्ज होने के पूर्व प्रसूति महिला के पलंग तक पहुंचे एवं एक प्रमाण पत्र की कॉपी उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से शेयर की जावे. जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र का अतिरिक्त काउंटर भी जिला चिकित्सालय स्थित डफरिन अस्पताल में बनाएं.

# पिच्छिका परिवर्तन समारोह



नवभारत न्यूज

**सागर 27 अक्टूबर. प्रज्ञा प्रखरणी विजिज्ञासा श्री माताजी ससंघ का चातुर्मास मंगलधाम तिलकगंज में सुचारू है.**

31 अक्टूबर तक 25 मंडलीय कल्पद्रुम महामंडल विधान विश्वशांति महायज्ञ एवं नगर रथ परिक्रमा के मध्य पिच्छिका परिवर्तन संपन्न हुआ जिसमें अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, त्रिशला संभाग, सद्भावना शाखा बालक हिल व्यू द्वारा वृहद श्रीफल सहित 10 फल थाल समर्पित किए गए. माताजी ने बताया कि कहा कि पिच्छिका से सारे वास्तु दोष दूर होते हैं. पिच्छिका प्राप्त करने वालों को दीक्षा की व साधुओं की सेवा की प्रेरणा मिलती है. आत्मशुद्धि एवं आध्यात्मिक विकास का यंत्र है.





# नरवाई जलाने का विरोध किया

नवभारत न्यूज

**रहली 27 अक्टूबर. ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया.**

प्रदर्शन में किसानों ने अपने खेतों से करबी और पराली लाकर विरोध जताया तथा शासन-प्रशासन की अर्थी यात्रा निकाली और मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार राजेश पांडे को सौंपा. जिला कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र मोहासा ने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों पर एफआईआर दर्ज की जा रही है. जिला पंचायत सदस्य ज्योति पटेल ने कहा कि सरकार किसानों को अपराधी की तरह व्यवहार कर रही है, जबकि वही किसान देश का अन्नदाता हैं. एड. बी.डी.पटेल ने कहा कि किसान पिछले कई महीनों से यूरिया और डीएपी के लिए लाइन में खड़े हैं. स इस दौरान संजय पटेरिया, कमलेश साहू, सौरभ हजारी, रत्नेश कुशवाहा, बिहारी कुशवाहा, रविंद्र लोधी, दीपक जैन, नारायन पटेल जूना, महेंद्र बांकड़ा, प्रमोद नायक, कनई पटैल सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

### संजोग परिचय सम्मेलन

**सागर.** अखिल भारतीय जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन का 22 वें वर्ष का आयोजन संजोग समिति सागर के द्वारा 20 और 21 दिसंबर को आदर्श गार्डन सागर में होने जा रहा है. इस वर्ष पत्रिका में भारतवर्ष से 1500 से अधिक युवक युवतियों की प्रविष्टि शामिल होने का अनुमान है. समिति के अध्यक्ष राकेश जैन निश्चय ने बताया कि लगातार 22 वर्षों से यह कार्यक्रम संजोग समिति के द्वारा आयोजित किया जाता है. युवक-युवतियों का परिचय बायोडाटा रंगीन पुस्तक में प्रकाशित जा रहा है पुस्तिका में प्रकाशनार्थ 800 का शुल्क निर्धारित किया गया है. संजोग समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को अलग- अलग जवाबदारियाँ दी गई है. सभी स्थानों पर जाकर प्रविष्टियां एकत्रित करना शुरू कर दिया है.

# समाज के अंदर राजनीति नहीं होना चाहिए

## क्षत्रिय महासभा के दीपावली मिलन समारोह में पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा

नवभारत न्यूज

**सागर 27 अक्टूबर. जैसीनगर का नाम यथावत रखने के लिए पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेंद्र सिंह के आग्रह पर क्षत्रिय महासभा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है.**

श्री सिंह ने कहा कि अभी समाज की नई पीढ़ी को क्षत्रिय समाज का इतिहास नहीं पता, इस पर जो जानकार, विद्वान और बुजुर्ग लोग हैं उनसे सहयोग लेकर एक पुस्तक लिखी जानी चाहिए. जो समाज या देश अपने इतिहास को नहीं जानता, वह हमेशा गुलामी के मार्ग पर जाता है या रास्ते से भटक जाता है. हमारा गौरवशाली इतिहास हमें सम्मान और स्वाभिमान के मार्ग पर ले जाता है.





पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक श्री सिंह ने कहा कि यह हमारी एकता का ही प्रभाव है कि जो लोग कल तक महाराणा प्रताप की बात नहीं करते थे वे आज महाराणा प्रताप की प्रतिमा और भवन की बात करने लगे हैं, जो लोग कल तक सागर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने के स्थान का विरोध कर रहे थे, आज वे ही कह रहे हैं कि हाँ सिटी स्टेडियम के सामने का स्थान सही है. उन्होंने कहा कि हमें समाज में राजनीति नहीं करना है और समाज के अंदर राजनीति होना भी नहीं चाहिए. राजनीति करने के लिए तो अलग क्षेत्र है ही. समाज का काम पवित्रता, सही भाव और सही उद्देश्य के साथ होना चाहिए. समाज में भाषणों से काम नहीं चलता. समाज सब जानता, समझता है. क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया. उन्होंने बताया कि क्षत्रिय महासभा में भूपेंद्र सिंह सोलंकी सिगदौनी बंडा को युवा अध्यक्ष, राहुल सिंह राजपूत चौरा को महामंत्री एवं देवेन्द्र सिंह राजपूत बिजौरा देवरी को क्षत्रिय महासभा की वरिष्ठ कार्यकारिणी में महामंत्री नियुक्त किया गया. पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह ने भी संबोधित किया.

**उम्मीद** | दक्षिण अफ्रीका से चीता नहीं आए तो कूनो से चीता की जायेगी शिफ्टिंग

# नौरादेही में चीतों की बसाहट के लिए 4 करोड़ से बनेंगे क्वारेंटाइन बोमा

नवभारत न्यूज

**सागर 27 अक्टूबर. क्षेत्रफल में प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीतों की बसाहट के लिए नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी ने तैयारियों के लिए सेंट्रल कैपा फंड से बजट दे दिया है.**

सागर और दमोह जिले में फैले टाइगर रिजर्व में 4 क्वारेंटाइन बोमा और 1 सॉफ्ट रिलीज बोमा तैयार किए जाएंगे. 15 साल पहले चीतों की बसाहट के लिए सर्वे हुआ था, उस समय नौरादेही अभयारण्य था, इसकी तीन रेंज मुहली, सिंहपुर और झापन को चीता की बसाहट के अनुकूल माना गया था. जनसंपर्क कार्यालय सागर से जारी समाचार में सिंघपुर रेंज को क्वारंटीन बोमा साइट के रूप में चुना जा सकता है, यह देश का ऐसा पहला टाइगर रिजर्व होगा जहां बाघ, तेंदुए व चीते एक ही जगह देखे जाएंगे. भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून की टीम ने चीते की बसाहट के लिए दो नए स्थान चिन्हित किए थे, उनमें गुजरात के बन्नी ग्रासलैंड रिजर्व के अलावा सागर के इस टाइगर रिजर्व को शामिल किया गया है. डब्ल्यूआईआई भारत के चीता प्रोजेक्ट की नोडल एजेंसी भी है, अगले वर्ष तक यहां चीते आने की उम्मीद है.

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व देश का पहला ऐसा वाइल्ड लाइफ एरिया होगा जहां बिग केट फैमिली के तीन सदस्य एक साथ होंगे. अभी रिजर्व में टाइगर और तेंदुए की बसाहट है. चीतों के आने से इस परिवार की तीन प्रजातियां हो जाएंगी.

> डब्ल्यूआईआई ने देश में सबसे पहले सागर के इस टाइगर रिजर्व को चिह्नित किया था.वर्ष 2010 में यहां पहला सर्वे हुआ था. राष्ट्रीय बाध संरक्षण प्राधिकरण के डीआईजी डॉ. वीवी माथुर और डब्ल्यूआईआई के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी के साथ वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व की तीनों रेंज मुहली, झापन और सिंहपुर का दो दिन तक मैदानी मुआयना किया था. एनटीसीए ने स्पष्ट किया है कि अगली बसाहट राजस्थान या गुजरात में नहीं होगी. चीतों की संख्या मध्यप्रदेश में ही बढ़ाई जाएगी. संभावना है कि अगले साल दक्षिण अफ्रीका से अगली खेप लाई जाए. अगर अफ्रीका से चीते नहीं आते, तो कूनो में जन्मे शावक, जो अगले साल तक एडल्ट हो जाएंगे, उन्हें नौरादेही शिफ्ट किया जाएगा. मंजूरी पहले से हैं, बजट अभी मिला है.

### युवा उत्सव कल

**सागर.** शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय में बुधवार 29 अक्टूबर को जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आने वाले विद्यार्थी विभिन्न मंचीय कलाओं का प्रदर्शन करेंगे. प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने विभिन्न समितियों का गठन करते हुए उनकी बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिए हैं. इसके अंतर्गत जिले के विभिन्न महाविद्यालय की टीमें मूक अभिनय, एकांकी, स्किट एवं मिमिक्री की मंचीय प्रस्तुतियां देंगी. कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्री गुप्ता ने समस्त शैक्षणिक स्टाफ की बैठक लेकर संबंधित दिशा निर्देश दिए.